भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-**3302

उत्तर देने की तारीख-16/12/2024

**एक राष्ट्र एक सदस्यता**

†3302. **श्री पर्वतगौड़ा चंदनगौड़ा गद्दीगौदर:**

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने 'एक राष्ट्र एक सदस्यता' योजना को मंजूरी दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, योजना की विशेषताएं क्या हैं तथा इस प्रयोजन के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ग) क्या निकट भविष्य में इस योजना को देश भर में विस्तारित करने का प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ.) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) से (ङ): सरकार ने वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओएनओएस) योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत कैलेंडर वर्ष 2025, 2026 और 2027 के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के प्रबंधन के तहत सभी उच्चतर शिक्षण संस्थानों और केंद्र सरकार के तहत सभी अनुसंधान और विकास संस्थानों को विद्वानों के शोध लेखों और जर्नल प्रकाशनों तक पहुंच उपलब्ध कराया जाता है। 30 प्रतिष्ठित प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित 13,000 से अधिक शोध पत्रिकाओं को ओएनओएस में शामिल किया गया है और इन तीन वर्षों में इन पत्रिकाओं की सदस्यता के लिए 5999.87 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

*****